प.सं. 26-1/2026(शै.)/मसारावेविप्र/ 2013 दिनांक : 01/06/2026

अधिसूचना

विषय : सत्र 2026-27 में राष्ट्रीय आदर्श वेदविद्यालय, उज्जैन परिसर में छात्रों के प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम दिनांक बढ़ाने के संबंध में ।

महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान परिसर, उज्जैन द्वारा संचालित राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालयों (1) उज्जैन, मध्यप्रदेश (2) द्वारका, गुजरात (3) पुरी, ओडिशा (4) गुवाहाटी, असम (5) शृंगेरी अथवा आसपास, कर्नाटक (6) बद्रीनाथ अथवा आसपास, उत्तराखण्ड में वेद की विभिन्न 09 शाखाओं में वेदभूषण चतुर्थ वर्ष (कक्षा 9वीं) एवं वेदभूषण पंचम वर्ष (कक्षा 10वीं) तथा वेदविभूषण प्रथम वर्ष (कक्षा 11वीं) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन दिनांक 30/06/2026 तक किए जा सकते हैं ।

(1) ऋग्वेद शाकल शाखा	(2)शुक्ल यजुर्वेद माध्यान्दिनी शाखा	(3) शुक्ल यजुर्वेद काण्व शाखा
(4) कृष्ण यजुर्वेद तैत्तरीय शाखा	(5) सामवेद कौथुम शाखा	(6) सामवेद जैमिनीय शाखा
(7) सामवेद राणायनीय शाखा	(8) अथर्ववेद शौनक शाखा	(9) अथर्ववेद पैप्पलाद शाखा ।

प्रत्येक वेद शाखाओं में अधिकतम 10-10 छात्रों को प्रवेश दिया जायेगा । वेदभूषण तृतीय (कक्षा 8वीं) एवं वेदभूषण चतुर्थ वर्ष (कक्षा 9वीं) (सभी प्रश्न पत्र उत्तीर्ण होने पर) उत्तीर्ण छात्रों को क्रमशः वेदभूषण चतुर्थ (कक्षा 9वीं) एवं वेदभूषण पंचम वर्ष (कक्षा 10वीं) (सभी प्रश्नपत्र उत्तीर्ण होने पर)तथा वेदभूषण पंचम (कक्ष 10वीं) उत्तीर्ण छात्रों को वेदविभूषण प्रथम वर्ष (कक्षा 11वीं) में प्रवेश दिया जाएगा । छात्र का आधार कार्ड संख्या एवं राष्ट्रीयकृत बैंक में अभिभावक के साथ राष्ट्रीयकृत बैंक में संयुक्त बैंक खाता अनिवार्य है। प्रतिष्ठान की वेबसाइट www.msrvvp.ac.in के माध्यम से Online आवेदन पत्र प्रेषित करें ।

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव